हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री

12 अंबाला से जालंधर तक 153 किमी लंबी बनेगी रेलवे लाइन



12 दुकानदारों के बाहर अतिक्रमण किया तो होगी सख्त कार्रवाई



## खबर संक्षेप

### सिरफिरे आशिक से दुखी युवती ने आत्महत्या की

**पानीपत।** पानीपत की अर्जुन कालोनी में सिरफिरे आशिक से परेशान युवती ने अपने घर पर फंदे पर लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने युवती की मां की शिकायत पर अनिल नामक युवक पर उनकी बेटी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया। मां का आरोप है कि अनिल, उनकी पुत्री को फोन कर परेशान करता था और उससे मिलने का दबाव बनाता था, इंकार करने पर धमकाता था।

### पत्नी की हत्या के प्रयास का आरोप, मामला दर्ज

**पानीपत।** नलवा कालोनी निवासी ज्योति ने अपने पति सुनील, इसकी माता शशि पर उसे जबरन जहरीली गोलियां खिला कर उसकी हत्या की साजिश रची। ज्योति को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां वह उपचाराधीन है। वहीं सुनील ने ज्योति से लव मैरिज की थी और दोनों के दो बच्चे है। इधर, ज्योति का आरोप है कि सुनील के के दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध हैं। इसका विरोध करने पर उसकी हत्या की चेष्टा की गई।

### बिजली निगम के स्टोर से हजारों का सामान चोरी

**पानीपत।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम गांव मतलौडा के स्टोर से चोरों ने हजारों रूपये कीमत का बिजली संबंधी सामान चोरी कर लिया। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने स्टोर में सामान रखा था। वहीं चोरी स्टोर की खिड़की की जाली तोड कर सामान चोरी कर ले गए। एसडीओ बिजली निगम की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बहन के घर से किशोरी लापता, मामला दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव डाहर में अपनी बहन की ससुराल में रह कर पढाई कर रही किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। लड़की स्कूल से किताब लेने गई थी। लेकिन वह शाम तक जब वापस नहीं लौटी तो बहन व जीजा ने उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली।

### शराब की तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने नफे सिंह पुत्र किदार सिंह निवासी गांव डिंगर माजरा जिला करनाल को और थाना शहर पुलिस ने रहिमुद्दीन पुत्र कुर्बान निवासी अतखुरीया उत्तर दीनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल निवासी शास्त्री कॉलोनी को शराब की तस्करी के आरोप में पकडा है।

### 1.800 किलो गांजा की तस्करी में आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने 1 किलो 800 ग्राम गांजा की तस्करी के आरोप में गंगाराम कॉलोनी निवासी रणजीत पुत्र सुरेंद्र को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट के केस में कोर्ट में पेशी पर आया था बदमाश, हुई फायरिंग

# जिला कोर्ट के बाहर बदमाश व वकील को बाइक सवार युवकों ने गोली मारी

## रेहड़ी पर खा रहे थे फ्रूट चाट, अस्पताल में कराए दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

- बदमाश हैप्पी पर 4 से 6 राउंड फायर किए गए

जिला कोर्ट के बाहर एक बदमाश और वकील को गोलियां मार कर आरोपी फरार हो गए। दोनों कोर्ट के बाहर रेहड़ी पर फ्रूट खा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर दो युवक आए और पांच से छह राउंड फायरिंग कर दी। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

घायल बदमाश हैप्पी घरौंडा का रहने वाला है। उसके ऊपर चार केस दर्ज हैं, जिनमें वह जेल काट चुका है। वह एक केस में कोर्ट में पेशी पर आया था। वहीं घायल वकील गुरविंद्र पानीपत का रहने वाला है। वह करनाल में वकील से मिलने आया था। घटना बुधवार दोपहर को डेढ़ बजे करनाल के सेक्टर 12 स्थित कोर्ट के बाहर सामने हुई।

हैप्पी घरौंडा थाने में दर्ज मारपीट के केस में कोर्ट में पेशी पर आया था। वह कोर्ट में पेशी के बाद वकील विक्रम के चैंबर में आया। इसके बाद हैप्पी दोस्तों के साथ कोर्ट के बाहर एक रेहड़ी पर फ्रूट चाट खाने चला गया। उसी के पास पानीपत के वकील गुरविंद्र खड़े थे। वह भी रेहड़ी पर फ्रूट खा रहे थे।



करनाल। मौके पर जमा भीड़। फोटो : हरिभूमि

### फायरिंग कर फरार हुए

इसी दौरान स्प्लेंडर बाइक पर 2 युवक आए। पीछे बैठे युवक ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि बाइक चला रहे युवक ने मुंह पर सफेद रंग का कपड़ा ढका हुआ था। उन्होंने बाइक रोकने के बाद हैप्पी पर निशाना लगाया और 4 से 6 राउंड फायर किए। इसके बाद फरार हो गए। बदमाश को 2 और वकील को एक गोली लगी। हैप्पी की टांग व पेट में और गुरविंद्र को पेट में गोली लगी। दोनों लहूलुहान हो गए और जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में दोनों को अमृतधारा अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी राजीव और सिविल थाना श्रीभगवान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर दी है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। वकील गुरविंद्र सिंह के साथ बैठे उनके रिश्तेदार सतविंदर सिंह ने बताया कि हम यहां पर बैठकर फ्रूट खा रहे थे। एकदम से गोलियां चली और मेरे मामा के लडक़े गुरविंद्र सिंह ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि कहीं से ब्लीडिंग हो रही है। जब देखा तो उनको भी गोली लगी हुई थी। उनको हम अस्पताल में लेकर चले गए। गुरविंदर पानीपत में वकील हैं। यहां किसी वकील से मिलने के लिए आए थे।

### हैप्पी पर 4 केस दर्ज

जेल काट चुके हैप्पी पर चार मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें 2 घरौंडा थाने और 2 केस करनाल के सिविल लाइन थाने में दर्ज हैं। इनमें अपहरण, अवैध असला रखने, धोखाधड़ी और मारपीट के मामले शामिल हैं। इन मामलों में वह जेल भी काट चुका है। घरौंडा के एक केस में हैप्पी बरी भी हो चुका है।

# जमानत पर आए आरोपी से चोरी की दो बाइक जब्त



यमुनानगर। एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

- आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने बाइक चोरी के मामले में जमानत पर जेल से बाहर आए एक युवक से चोरी की दो बाइकें बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक जो बाइक चोरी के मामले में जेल में था और जमानत पर आया हुआ है। उससे चोरी की और बाइक भी बरामद हो सकती है। इस सूचना पर ने आरोपी को प्रताप नगर बस स्टैंड से गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान गांव भंगेड़ी निवासी अफजल के रूप में हुई। आरोपी ने पूछताछ के दौरान दो बाइक चोरी का खुलासा किया। आरोपी ने एक बाइक गत चार जनवरी को थाना बिलासपुर क्षेत्र से चोरी की थी। इसके अतिरिक्त आरोपों से एक और बाइक बरामद हुई है जिसकी पूछताछ जारी है और पता लगाया जा रहा है कि यह बाइक उसने कहां से चोरी की थी।

# आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर महिला से हड़पे 7.28 लाख

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर सबलपुर निवासी नीलम वर्मा से सात लाख 28 हजार रुपये लेकर हड़प लिए गए। आरोप पंजाब के जिला पटियाला के सरहद रोड हरिंद्र नगर निवासी मनप्रीत चहल पर लगा है। नीलम अपनी लड़की शिवानी को विदेश भेजना चाहती थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

सबलपुर निवासी नीलम वर्मा ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी बेटी शिवानी विदेश जाना चाहती थी। इसके लिए फेसबुक पर आए एक विज्ञापन के माध्यम से पटियाला की फर्म में बात हुई। फर्म के संचालक पंजाब के जिला पटियाला के सरहद रोड हरिंद्र नगर निवासी मनप्रीत चहल ने उनकी बेटी को ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा दिया। उसने आस्ट्रेलिया का वीजा लगवाने के लिए 15 लाख रुपये का खर्च बताया। उसकी बातों में आकर उन्होंने उसे बेटी के दस्तावेज दे दिए। इसके बाद अलग-अलग कर लगभग 10 लाख 28 रुपये दे दिए।

### फोन उठाना बंद किया

बाद में आरोपी ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया। उन्होंने आरोपी के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। पुलिस केस के डर से आरोपी मनप्रीत ने तीन लाख रुपये वापस कर दिए। जबकि सात लाख 28 हजार रुपये वापस नहीं किए। दोबारा रुपये मांगने पर आरोपी उन्हें धमकी देने लगा।

# स्टेडियम में अव्यवस्था को देखकर खेल अधिकारी पर भड़के मंत्री

- बोले, दो माह में व्यवस्था दुरूस्त नहीं की तो होगी कार्रवाई
- खेल मंत्री गौरव गौतम ने बसताड़ा खेल स्टेडियम का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

हरियाणा के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता एवं खेल मंत्री गौरव गौतम ने बुधवार को चंडीगढ़ से समालखा जाते समय बसताड़ा गांव स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया और स्टेडियम की खस्ता हालत को देखकर जिला खेल अधिकारी पर भड़के। उन्होंने कहा कि आगामी दो महीने में स्टेडियम की व्यवस्था को दुरूस्त नहीं किया तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने निरीक्षण के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए कृत-संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित खेल स्टेडियमों में भी खिलाडिय़ों के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर रही है। ताकि युवाओं को गांव स्तर पर ही अच्छी खेल सुविधा मिले और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रह सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेल स्टेडियम में व्यवस्था को लेकर लापरवाह कोच व खेल अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री ने बताया कि राजीव गांधी खेल स्टेडियम बसताड़ा की कुल मिलाकर काफी खस्ता हालत है। इसको लेकर खेल अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे आगामी दो माह में खेल स्टेडियम की व्यवस्था को दुरूस्त करेंगे। यहां पर खिलाडिय़ों के लिए अच्छा ग्राउंड तैयार करेंगे तथा कोच की भी तैनाती की जाएगी।

यहां पर पीने के पानी, बिजली, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था का भी समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा स्टेडियम में बने हॉल के खिडक़ी, दरवाजे, सफेदी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम को कार्यालयों में बैठकर नहीं बल्कि ग्राउंड में आकर व्यवस्था पर कड़ी नजर रखें और इस कार्य में ग्राम पंचायत का भी सहयोग लिया जाए ताकि खिलाडिय़ों को अभ्यास करते समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली से चंडीगढ़ जाते समय किसी भी समय दो माह के बाद निरीक्षण कर सकता हूं। अगर व्यवस्था ठीक नहीं पाई तो दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।



करनाल। बसताड़ा खेल स्टेडियम का दौरा करते खेल मंत्री गौरव गौतम।

### खेल नर्सरी की मांग

गांव के सरपंच सुरेश फौजी ने खेल मंत्री गौरव कुमार से बसताड़ा के स्टेडियम में खेल नर्सरी स्थापित करने की मांग की। इस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि निर्धारित मापदंडों के अनुसार यहां पर खेल नर्सरी स्थापित करवा दी जाएगी। सरपंच ने गांव के खेल स्टेडियम की दुर्दशा को लेकर भी मंत्री से शिकायत की कि खेल विभाग के अधिकारी पंचायत को सहयोग नहीं करते हैं। इस पर भी मंत्री ने मौक पर ही जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायत का सहयोग लें और खिलाडियों के लिए स्टेडियम में अच्छी व्यवस्था करवाएं। इतना ही नहीं स्टेडियम में तुरंत प्रभाव से कोच भी तैनात किए जाएं।

# ठेके की छत फाड़कर चोरी करने के प्रयास में दो सगे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- तीसरे आरोपी रोहित को पहले गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस
- आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया

खेडी लक्खा सिंह चौकी प्रभारी शमशेर राणा ने बताया कि गत 22 फरवरी को गांव मिल्कीपुर जिला अयोध्या निवासी दिलीप सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह गांव रापोली के शराब के ठेके पर सेल्समैन की नौकरी करता है।

21 फरवरी की रात को वह ठेका बंद करके ठेके के अंदर सो रहा था। रात के समय तीन युवक ठेके की छत फाड़कर चोरी करने की नीयत से ठेके में घुसने की कोशिश कर रहे थे। जब उसने शोर मचाया तो तीनों युवक मौके से भाग गए। इस शिकायत पर एएसआई राम कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान गांव कांजी बांस निवासी रजत कुमार व राकेश कुमार के रूप में हुई।

जांच अधिकारी ने बताया कि इस मुकदमे में 23 फरवरी को आरोपी रोहित कुमार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# पिस्टल व दो जिंदा कारतूस समेत युवक व सप्लायर गिरफ्तार

- जमीन के रिकॉर्ड की जांच के दौरान हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

सीआईए वन पुलिस टीम ने साढौरा अनाज मंडी के पास से एक युवक को अवैध पिस्टल व दो जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार किया है।

पूछताछ के बाद पुलिस ने अवैध पिस्टल की सप्लाई करने वाले सप्लायर को भी काबू कर लिया। पदोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इंचार्ज वरिंद्र वालिया ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार के साथ अनाज मंडी साढौरा के पास घूम रहा है।टीम ने तुरंत मौका पर पहुंचकर एक युवक को काबू किया। जब उसकी तलाश ली गई तो उसके पास से एक अवैध पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव नया गांव साढौरा निवासी आसिफ के नाम से हुई। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उसने यह अवैध पिस्टल व कारतूस महावीर कॉलोनी फर्कपुर निवासी अभिषेक से लिया था। पुलिस ने अभिषेक को भी गिरफ्तार किया।




### 14 को मोदी करेंगे थर्मल पावर प्लांट की नई यूनिट का शिलान्यास

# पीएम के आगमन को लेकर अधिकारियों को निर्देश

- समय रहते सभी कार्य पूरा करवाएं अधिकारी : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यमुनानगर दौरे को लेकर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को समय रहते सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ध्यान रहे कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर आएंगे। जहां पर दीनबंधु छोटूराम थर्मल पावर प्लांट की नई यूनिट का शिलान्यास करेंगे। निगम आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व शहर का विशेष रूप से सौंदर्यीकरण किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न जिलों व राज्यों से शहर आने वाले सभी मार्ग चकाचक हो। जो मार्ग क्षतिग्रस्त हैं उन्हें तुरंत ठीक कराएं। डिवाइडर दुरुस्त कर उन्हें पेंट कर चमकाए। सड़क किनारे समतल कर बर्म ठीक कराएं। सभी चौकों पर जेब्रा क्रॉसिंग व सड़क सुरक्षा संबंधित अन्य मानक पूरे किए जाए। पेड़ों की ट्रिमिंग कर छह फुट तक सफेद पेंट कर उन्हें सुंदर रूप दें। सड़कों के डिवाइडर पर लगे ग्रिल व पुराने स्ट्रीट लाइट पोल पर पेंट कर चमकाया जाए। इन सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने में किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें। उन्होंने निगम अधिकारियों को तेजली रोड, लाल द्वारा मार्ग, रेलवे रोड, गोविंदपुरी मार्ग, वर्कशॉप रोड व अन्य मार्गों की सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी अधिकारी 14 अप्रैल तक गंभीरता से इस कार्य को करें। तब तक किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को कोई अवकाश नहीं मिलेगा। यदि किसी की भी लापरवाही सामने आई तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश देते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा।

### ये रहे मौजूद

मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, कार्यकारी अभियंता सुखविंद्र सिंह, कार्यकारी अभियंता नरेंद्र सुहाग, एटीपी आशीष, निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, दीपक सुखीजा, राजेश कुमार, सीएसआई सुनील दत्त, सीएसआई हरजीत सिंह व शशि गुप्ता आदि मौजूद रहें।

### डंपर व गाड़ी की टक्कर में सात लोग घायल

**कुरुक्षेत्र।** शाहाबाद में बुधवार सुबह डंपर ने श्रद्धालुओं से भरे छोटे हाथी में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना मे 2 श्रद्धालुओं को गंभीर चोटें आईं, जबकि 5 को कम चोटें आई हैं। एक्सीडेंट के बाद डंपर ड्राइवर ने मौके से भागने की कोशिश की, मगर डंपर बंद हो गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने उसे पकड़ लिया।

नवरात्रि पर्व के चलते बाबैन से गाड़ी में करीब 15 श्रद्धालु मनसा देवी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। शाहाबाद के रास्ते में 4-5 श्रद्धालु और गाड़ी में चढ़ गए। सुबह करीब साढ़े 4 बजे श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी साहा रोड पर पहुंची, तो तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। इसमें 1 श्रद्धालु का सिर फट गया। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर डंपर को भगाने लगा, मगर डंपर बंद होने से श्रद्धालुओं ने उसे काबू कर पुलिस को सूचना दी।

# फर्जी कागजात बना नशे के आरोपी को जमानत दिलवाई

- जमीन के रिकॉर्ड की जांच के दौरान हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

नशे के केस में एक आरोपी को फर्जी कागजात पर जमानत दिलाने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त मेजर जनरल जुगेश चौधरी ने कोर्ट को दी शिकायत में बताया कि 2 मार्च 2022 को दर्ज एफआईआर के तहत एक आरोपी शत्रुघ्न डांगी पुत्र सहदेव महतो को जमानत देने के लिए उनकी जमीन के जाली कागजात बनाए गए।

उन्होंने बताया कि जब वह अपनी जमीन के रिकॉर्ड (जमाबंदी) की जांच कर रहे थे, तो पाया कि उनकी जमीन को कोर्ट में जमानत के लिए गिरवी रखा गया था। यह कागजात किसी जोगेश नामक व्यक्ति ने आधार नंबर के आधार पर फर्जी तरीके से तैयार किए थे। न किसी को जमानत दी, न किसी को जानता हूं मेजर जनरल जुगेश चौधरी ने साफ किया कि उन्होंने कभी किसी व्यक्ति के लिए जमानत नहीं दी और न ही शत्रुघ्न डांगी या जोगेश नामक व्यक्ति को जानते हैं।

### जांच की मांग

पीड़ित ने अदालत से मांग की कि इस मामले की गहराई से जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, उनकी जमीन को इस मामले से अलग किया जाए ताकि वह भविष्य में इसका उपयोग कर सकें। पुलिस ने सेशन कोर्ट के आदेश के तहत जांच की। जांच में यह मामला फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत लेने से जुड़ा पाया गया।

## खबर संक्षेप



### छात्रों के लिए अर्थशास्त्र में अपार संभावनाएं

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से अर्थशास्त्र विषय में भविष्य एवं संभावनाएं पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली से प्रवक्ता डॉ अंजू ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान में अर्थशास्त्र का क्षेत्र बहुत ही व्यापक है, जहां रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जो विद्यार्थियों के लिए सुनहरे अवसर प्रदान करती हैं । उन्होंने कहा कि आज अर्थशास्त्र क्षेत्र की विभिन्न शाखाएं देश की उन्नति में सहायक है। जहां विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण में सहायता मिल सकती है। इसलिए उनको लगातार प्रयास कर इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए।



### योग द्वारा लोगों को स्वस्थ रखना अभूतपूर्व कार्य

**करनाल।** योग शिक्षक दिनेश गुलाटी द्वारा संचालित मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग कक्षा सेक्टर 6 में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकल्प भंडारी, पार्षद वार्ड नंबर 8 और मेघा भंडारी, अध्यक्ष हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी ने विशेष रूप से शिरकत की और योग क्रियाएं की। दिनेश गुलाटी एवम टीम के अन्य योग शिक्षकों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। संकल्प भंडारी ने कक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिनेश गुलाटी योग के क्षेत्र में सराहनीय काम कर रहे हैं और शहर में चलाई जा रही विभिन्न कक्षाओं के जरिए लोगों को योग के प्रति जागरूक व स्वस्थ कर रहे है।



### मांगों को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

**करनाल।** ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के निर्देश अनुसार मेरठ रोड सब यूनिट में विरोध गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। गेट मीटिंग के अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान सुरेंद्र कंबोज ने की और संचालन सचिव प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर राज्य उप महासचिव राजेंद्र राणा व यूनिट के उप प्रधान संजीव व यूनिट कैशियर जोगिंदर सिंह ने कहा कि लोकसभा में 25 मार्च को केंद्र की सरकार द्वारा पेंशन बिल पास किया गया है जिसके अनुसार 31 दिसंबर 2025 तक रिटायर हुए किसी भी कर्मचारी को आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिलेगा। इस अवसर पर कैलाश चंद, चंदन, मुकेश, महावीर, पवन ढांडा, राजेंद्र कुटेल, ओंकार खटाना, अशोक कुमार, सुनील कुमार, विनोद कटारिया ,दिनेश हुड्डा ,सुमित धनखड़ रहे।

## 10 सालों में बदल जाएगी घरौंडा हलके की तस्वीर: कल्याण

# गढ़ी मुल्तान और डींगर माजरा का धन्यवादी दौरा कर सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि निर्माणाधीन बड़े प्रोजेक्ट्स पूरा होने पर अगले 10 सालों में घरौंडा हलके की तस्वीर बदल जाएगी। कुटैल स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल यूनिवर्सिटी का चरणबद्ध तरीके से विस्तार पूरा होने पर न केवल हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा बल्कि बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं भी सुलभ हो सकेंगी। हलके के मध्य से गुजर रहे रिंग रोड का कार्य पूरा होने से तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे।

श्री कल्याण आज धन्यवादी दौरे के तहत गांव गढ़ी मुल्तान और डींगर माजरा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। दोनों गांवों में उनका पगड़ी पहनकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। गढ़ी मुल्तान की प्रशंसा करते हुए उन्होंने इसे तरक्की पसंद गांव बताया। उन्होंने कहा कि इस गांव में साफ-सफाई व्यवस्था की अच्छी है। गांव की तरफ से विकास संबंधी जो भी मांगें रखी गईं उन्हें पूरा किया गया है। श्री कल्याण ने कहा कि 2014 से पहले घरौंडा हलका विकास में काफी पिछड़ा हुआ था। भाजपा सरकार बनने के बाद हलके में काफी विकास हुआ है। मनोहर लाल के साढे नौ साल के मुख्यमंत्रित्व काल में जो भी मांगें रखी गईं उन सभी को पूरा किया गया। एक समय था जब लोगों को छोटे-मोटे कार्यों के लिए करनाल जाना पड़ता था। लेकिन घरौंडा में उपमंडल बनने के बाद उन्हें काफी सुविधा मिली है। आज सरकारी योजनाओं का पूरा पैसा लाभ पात्रों के बैंक खातों में सीधे पहुंच रहा है। ऐसा व्यवस्था बदलाव के कारण ही संभव हुआ है।



घरौंडा। धन्यवादी दौरे के दौरान लोगों से बात-चीत करते विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण। फोटो: हरिभूमि

उन्होंने कहा कि मेडिकल यूनिवर्सिटी का प्रथम चरण इसी साल पूरा हो जाएगा। अगले 15- 20 सालों तक इसका निरंतर विस्तार जारी रहेगा। यहां बड़े अस्पताल खुलेंगे, नए डॉक्टरों की नियुक्ति होगी। इससे न केवल हलके के लोगों बल्कि उत्तरी हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को इसका फायदा होगा।अराईपुरा में एनसीसी अकादमी का निर्माण कार्य जारी है। सालों से उपेक्षित नहरों की खुदाई भी कराई जा रही है। इससे बाढ़ का खतरा कम होगा और नहरों में सिंचाई के लिए पहले से अधिक मात्रा में पानी आ सकेगा। उन्होंने कहा कि सालों से कंडम चीनी मिल की सुध अगर ली है तो भाजपा सरकार ने। नई चीनी मिल बनने से गन्ना उत्पादक किसानों को फायदा हुआ है। श्री कल्याण ने कहा कि आने वाले समय में मेट्रो का विस्तार पानीपत से करनाल तक होगा और घरौंडा हलके में इसके तीन स्टेशन पड़ेंगे। मेट्रो आरंभ होने से लोग एक घंटे में दिल्ली पहुंच सकेंगे। उन युवाओं का काफी समय बचेगा जो पढ़ाई के लिए दिल्ली आते-जाते हैं।

उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी न केवल इलाके की तरक्की के लिए काम करते रहेंगे बल्कि यह भी प्रयास रहेगा कि समाज में भाईचारा बरकरार रहे। स्पीकर के रूप में जिम्मेदारी देने पर उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। कहा कि यह जिम्मेदारी लोगों के आशीर्वाद से उन्हें मिली है।लेकिन वे हलके के लोगों को पहले की तरह पूरा समय देते रहेंगे। इस मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम राजेश सोनी, बीडीपीओ अशोक छिक्कारा, मंडल अध्यक्ष नरेश आदि मौजूद रहे।



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते विधायक भगवान दास कबीरपंथी।

### विधायक ने सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया

तरावड़ी। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कल्याणी में 30 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया गया। गौरतलब है कि इस भवन की नींव 2017 में रखी गई थी। समय-समय पर विधायक द्वारा इस भवन के लिए तीन किश्तों में राशि उपलब्ध करवाई गई थी। इस सामुदायिक भवन में बड़े हाल के साथ-साथ बिजली, पानी एवं शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। इस भवन के बनने के बाद गांव के लोगों में भी खुशी है तथा समय-समय पर यह गांव के लोगों के सुख-दुख में काम आएगा। आज गांव में पहुंचने पर सरपंच मनोज नाथ ने विधायक का जोरदार स्वागत किया तथा उनके समक्ष गांव में हुए विकास व अन्य समस्याओं को प्रमुखता के साथ रखा। इस मौके पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि आपके गांव के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक गांव में अधिक से अधिक विकास करवाना है। इस मौके पर ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रवीण डाबरथला, शिवनाथ कपूर, सरपंच बाबा मुकेश भारती, सरपंच मलकीत सिंह, बाबा जसवंत नाथ, बलविन्द्र लल्लाणी, पूर्व सरपंच चानन सिंह, सतीश शर्मा, प्रताप सिंह व गांव के कई लोग मौजूद थे।

## ऑनलाइन गेम से सरपंच ने जीते 3 करोड़, परिवार में खुशी

हरिभूमि न्यूज करनाल

हरियाणा के करनाल में सरपंच ने माई 11 सर्किल ऐप पर आईपीएल मैच में टीम बनाकर तीन करोड़ और थार जीती है। शेखपुरा सुहाना गांव के सरपंच विक्रम गरीब परिवार से आते हैं। पहले भी वह ऑनलाइन गेम खेलकर छोटी-मोटी रकम जीत चुके हैं। इतनी बड़ी राशि जीतने के बाद विक्रम के परिवार में खुशी का माहौल है। आस पड़ोस के लोग और रिश्तेदार उन्हें घर पर बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। विक्रम ने बताया कि मैं 2019 से ऑनलाइन गेम खेल रहा हूं। इससे पहले भी साल 2021 में 2.70 लाख रुपए जीते थे। गेम में 1 अप्रैल को हुए पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के मैच में अपनी 49 रुपए में टीम बनाई थी। इसमें मुझे रैंक-1 मिली। इसमें मुझे 3 करोड़ और महिंद्रा थार मिली है। इसके अलावा ड्रीम-11 ऐप से भी 2 लाख रुपए मिले हैं।बोले- मैंने खेल की तरह खेला विक्रम ने ऑनलाइन गेम खेलने वालों को सलाह दी कि इसे सिर्फ खेल की तरह ही खेलें और इसकी लत न लगाएं। मैंने रिस्क लेकर टीम बनाई थी, इसलिए जीता, लेकिन यह हर बार नहीं होता। विक्रम ने आगे कहा- जीती हुई रकम का क्या करना है, इस पर कोई फैसला नहीं लिया है, लेकिन 3 करोड़ रुपए पर करीब 30त्न टैक्स देना पड़ेगा, जो लगभग 90 लाख रुपए होगा विक्रम की पत्नी रेखा ने बताया कि जब मुझे यह खबर मिली, तो मैं हैरान रह गई। कभी सोचा भी नहीं था कि हम करोड़पति बन जाएंगे। जब नाम आया तो यकीन ही नहीं हुआ। खुशी कैसे बयां करूं, कुछ समझ में नहीं आ रहा अभी यकीन नहीं हो रहा है।

### ऐसे जताई खुशी




सीएससी पर ऑपरेटर हैं विक्रम विक्रम ने बताया कि मैं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर ऑपरेटर का काम करता हूं। इसी से मेरा घर चलता है। सरपंच बनने के बाद भी गांव के विकास कार्यों पर भी ध्यान दे रहा हूं। पंचायत फंड से गांव में गली-नालों का निर्माण, सीसीटीवी लगवाने और सफाई व्यवस्था पर काम किया है ।पिता बोले- यकीन नहीं हो रहा कि बेटा करोड़पति बना विक्रम के पिता वेद प्रकाश ने बताया कि जब मुझे रात को बेटे की जीत की खबर मिली, तो मैंने यकीन नहीं किया। विक्रम ने मुझे फोन पर स्क्रीनशॉट भी दिखाया। मेरा बेटा क्रिकेट का बहुत शौक रखता है, लेकिन उसने यह भी कभी नहीं सोचा होगा कि ऑनलाइन गेम उसे करोड़पति बना देगा।

## धोखाधड़ी और जालसाजी में केस दर्ज

**करनाल।** करनाल में फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमानत लेने और मेजर जनरल की जमीन गिरवी रखने का बड़ा मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त मेजर जनरल जुगेश चौधरी ने पुलिस और अदालत में शिकायत दी कि उनकी जानकारी के बिना उनकी जमीन को जमानत के लिए इस्तेमाल किया गया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने सेशन कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी और जालसाजी की कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित होने पर पीएम मोदी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



■ वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड के काम को सुव्यवस्थित करना: विधायक जगमोहन आनंद

वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पास होने पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित समस्त केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन से किसी को घबराने की जरूरत नहीं है यह सबके हितों को ध्यान में रखते हुए लोकसभा में पारित हो गया है। इसका उद्देश्य वक्फ बोर्ड के काम को सुव्यवस्थित करना और वक्फ संपत्तियों का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करना है। विधायक जगमोहन आनंद ने बताया कि लोकसभा में इस विधेयक को पूर्ण बहुमत से पारित किया गया है। यह सभी मुसलमानों के पूर्णत पक्ष में हैं। उन्होंने बताया कि वक्फ (संशोधन) का उद्देश्य पिछले वक्फ अधिनियम में संशोधन करना है, ताकि वक्फ संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों का समाधान किया जा सके। संशोधन विधेयक का उद्देश्य भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार करना है। इसका उद्देश्य पिछले अधिनियम की कमियों को दूर करना और अधिनियम का नाम बदलने, वक्फ की परिभाषाओं को अद्यतन करने, पंजीकरण प्रक्रिया में सुधार करने और वक्फ रिकॉर्ड के प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका बढ़ाने जैसे बदलाव करके वक्फ बोर्डों की दक्षता बढ़ाना है ।

### मैक्स फैशन की फैशन वीक में शानदार शुरुआत

**करनाल।** मैक्स फ़ैशन ने लैक्मे फ़ैशन वीक एफ डी सी आई के 25वें एडिशन में एक साहसिक और परिवर्तनकारी शुरुआत की, जिसमें उनकी प्रेरणा कल्कि केकलाँ थीं। इस क्षण ने भारतीय फ़ैशन में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित किया, मैक्स फ़ैशन ने देश के सबसे प्रतिष्ठित रनवे में से एक पर हाई-स्ट्रीट स्टाइल को फिर से परिभाषित किया। यह महज़ एक रनवे क्षण नहीं था, बल्कि यह एक सांस्कृतिक मूल्यांकन था - एक बयान कि वैश्विक फ़ैशन हर किसी के लिए है, जिसमें ऐसी शैली अपनाई जाती है जो सुलभ हो, ट्रेंड के साथ चलने वाली हो, जिसे आसानी से पहना जा सके।

## मांगों को लेकर की गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर सभी विभागों में सरकार द्वारा कर्मचारी विरोधी निर्णय और कर्मचारियों की मांगों को लेकर गेट मीटिंग की गई इसी कड़ी में बिजली कार्यालय में मीटिंग की गई जिसकी अध्यक्षता इंद्री से मुनीश कांबोज ने की । इस मीटिंग में मुख्य रूप से राज्य कमेटी सदस्य मलकीत व सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान संटी कांबोज व यूनिट नंबर एक के प्रधान राजीव राठी ने भाग लिया । यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त जारी की गई है जो कि कर्मचारियों के साथ एक मजाक है, रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों व सभी पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग का लाभ न देने का कानून पास कर दिया है ।आठवें वेतन आयोग के गठन में देरी करना व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, विभागों में खाली पड़े पदों पर स्थाई भर्ती करना, हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करना, वेतन आयोग में कच्चे कर्मचारियों को शामिल करना आदि मांगे है । इस मीटिंग में संजीव मालिक, बलिंद्र कांबोज, राजेश, विनोद, प्रमोद,राजीव कांबोज, अमन, ,पवन, ऋषिपाल व महेश आदि मौजूद रहें ।




इंद्री। बिजली कार्यालय इंद्री मे अपनी मांगों को लेकर गेट मीटिंग करते कर्मचारी।



### ग्रामीण चौकीदारों ने मांगों को लेकर रोष जताया

**करनाल।** ग्रामीण ग्रामीण सभा की राज्य सांख्यिकी प्रयोगशाला सीटू कार्यालय में राज्य प्रधान बाबू राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक का सचलन राज्य महासचिव काली राम ने किया। इस संस्था के राज्य प्रधान राम बाबू, महासचिव कलीराम व राज्य कैशियर भगत राम ने कहा कि करनाल में ग्रामीण सचिवालय सभा का राज्य सांस्कृतिक सम्मेलन जून में करनाल में करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार कांस्टीट्यूशनल ग्रामीण विद्रोहियों की अनदेखी कर रही है। ग्रामीण ग्रामीण सभा की राज्य समिति ने हरियाणा सरकार पचायत मंत्री को भी मंजूरी दे दी है, लेकिन हरियाणा सरकार की ओर से संघ को बातचीत नहीं दी गई है। ग्रामीण ग्रामीणों में गहरा रोष एवं आक्रोश व्याप्त है। करनाल में जून में होने वाले राज्य सम्मेलन में आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी। मुख्य कलाकारों में बदमाशों को 26 हजार रुपये दिए जाएं, हर महीने की सात तारीखों को बकाया दिया जाए।

## आठवें वेतन को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग में दो प्रतिशत वृद्धि, 31 दिसंबर 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारी को व पेंशनर को वेतन आयोग से वंचित रखने को लेकर कर्मचारियों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। बुधवार को सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले करनाल में विभिन्न सार्वजनिक विभागों में कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर रोष जाहिर किया। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी व सचिव सेवाराम के नेतृत्व में कर्मचारी नेताओं ने अलग-अलग मीटिंगों में जाकर कर्मचारियों को संबोधित किया और सरकार के इस फैसले की आलोचना की। बिजली विभाग, टूरिज्म, पब्लिक हेल्थ, सिंचाई विभाग, नगर निगम, सरकारी स्कूलों, हुडा कार्यालय व पीडब्लयूडी कार्यालय के बाहर गेट मीटिंग की गई। रिटायर कर्मचारी संघ ने भी सभी विभागीय गेट मीटिंग में अपनी हाजरी सुनिश्चित करवाई

इस मौके पर एसकेएस के जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री ने 25 मार्च को विपक्षी दलों के विरोध के बावजूद संसद में वित्त विधेयक पेश करते समय भाग (चार) में हितधारकों के साथ कोई चर्चा किए बिना पेंशनभोगियों के हितों के खिलाफ सीसीएस (पेंशन) नियमों में संशोधन किया है।





### प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया, बच्चों का स्वागत

**करनाल।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला चौरा खालसा में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। संपूर्ण कार्यक्रम स्कूल के मुखिया बलबीर सिंह पाल की देखरेख में हुआ। अतिथिगणों के रूप में पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर 12 के मैनेजर शिव कुमार व एसबीआई बैंक के मुखिया शिव कुमार ने शिरकत की। एसएमसी की प्रधान रजनेश व सदस्यों की उपस्थिति में परिणाम घोषित करते हुए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूल के मुखिया बलबीर सिंह पाल ने कहा कि कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रवेश उत्सव के समय गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। बलबीर सिंह ने बच्चों को महापुरुषों की जीवनी से अवगत करवाया। उन्होंने बच्चों को हम बदलेंगे युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा की प्रेरणा दी। अतिथिगणों की ओर से बच्चों को कॉपियां, मैथ किट, चॉकलेट व आइसक्रीम भेंट की गई। इस अवसर पर जीपीएस घीड़ से अनिल, वीरेंद्र व विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे।

## नाम,धाम रूप और लीला यह चारों परमात्मा के स्वरूप माने गए हैं: प्रहलाद रामायणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

श्री राम सेवा मंडल तरावड़ी की ओर नवरात्रों के शुभ अवसर पर महाबीर मन्दिर मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। चर्तुथ दिवस की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे श्री लखदातार परिवार के अध्यक्ष व जी वी राईस एक्सपोर्ट के एमडी विनित बंसल व पंजाबी सभा के प्रधान राजीव नारंग ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया। बुधवार की कथा मे श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने कहा कि नाम,धाम रूप और लीला यह चारों परमात्मा के स्वरूप माने गए हैं। शास्त्र में इन चारों से जीव का कल्याण होना संभव है किसी एक से हमारी साधना जुडऩी चाहिए। भगवान की कथा में चारों की भूमिका होती है। उन्होंने कहा चक्रवर्ती श्री महाराज दशरथ भगवान श्री राम को राजा के भाव से बुलाते हैं परंतु अपने बाल मंडल सखाओं को छोडक़र नहीं आते हैं प्रभु श्री राम, लेकिन मां कौशल्या जब वात्सल्य भाव से बुलाती है पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। भक्ति भाव वह तत्व है जो भगवान को अपने पीछे चलने के लिए बाध्य कर देती है। और ज्ञान के गोद में बिठा देती है। प्राणी मात्र को विश्राम देने वाला ही राम है। भारत में रकार प्राण तत्व है राम के बिना भारत को चेतना शून्य होना संभावित है। मुंडन, उपनयन, विधाध्यन आदि प्रभु श्री राम का अयोध्या में समस्त संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



### सरकारी पाठशालाएं बच्चों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देने में पूरी तरह से सक्षम

# सरकारी स्कूलों में पंजीकरण बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

सरकारी स्कूलों में नामांकन वृद्धि के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत भादसों के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सुमन कुमारी की अध्यक्षता में नामांकन वृद्धि संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढान ने कहा कि सरकारी पाठशालाएं बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देने में पूरी तरह से सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि हर साल आने वाले परीक्षा परिणाम इस बात का प्रमाण है कि सरकारी स्कूल किसी भी प्राइवेट संस्थान से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक देश के हर महत्वपूर्ण कार्यों में भागीदारी करते हुए बच्चों के शिक्षण कार्य पर पूरी तरह से फोकस करते हैं और उन्हें सभ्य और जिम्मेदार नागरिक बनाकर देश को सौंपते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे देश की उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं में भी भाग लेकर अपना नाम चमका रहे हैं। डॉ.गुरनाम सिंह मंढान कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को जहां हर प्रकार की सुविधा मिल रही है वहीं उनकी गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा की जांच के लिए अनेक स्तर पर मॉनिटरिंग कार्यक्रम निश्चित किए गए हैं। कार्यक्रम में डाइट शाहपुर के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ईश्वर सिंह ने कहा सरकारी स्कूलों में बच्चों के सीखने के स्तर का आंकलन करने के लिए अनेक संस्थाएं कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अध्यापकों की शिक्षण क्षमता को बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लगातार कार्य कर रहा है। बीआरपी धर्मेंद्र चौधरी एवं महिंद्र खेड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे शिक्षा की धूरी हैं और अभिभावक और अध्यापक धूरी पर परिक्रमा कर उसके भविष्य को पंख लगाने में अपना जीवन खपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों की छवि सुधारने कार्य में पंचायत, स्कूल प्रबंधन समिति व समाज सभी समाजसेवी संस्थायों का सहयोग भी लिया जा सकता है।



इंद्री। के भादसों स्थित सरकारी स्कूल मे अध्यापकों को सम्मानित करते डॉ. गुरनाम सिंह। फोटो: हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ. ईश्वर सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, महिंन्द्र खेड़ा, अनीश कांबोज, एबीआरसी निशा, बलविन्द्र सिंह जिले सिंह, नीलम सैनी, अनीता रानी, पूनम, गीता, दीपशिखा, मनोज,राजकुमार, मीनाक्षी व सतबीर आदि उपस्थित रहें ।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में अपनी समस्याएं रख रहे

**पानीपत।** पानीपत के एसडीएम ब्रह्मप्रकाश ने बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित किए गए नियमित जनता समाधान शिविर में कहा कि जिले में सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। अधिकारियों के मजबूत नेतृत्व ने लोगों के अंदर विश्वास की लौ पैदा की है। लोग बेझिझक होकर समाधान शिविर में अपनी समस्याएं रख रहे हैं। अधिकारियों के सहयोग से उनका समाधान हो रहा हैं। एसडीएम ने कहा कि अधिकारी जनता समाधान शिविर में लक्ष्य के क्रियान्वन को लेकर अपनी भूमिका निभाएं। समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का अपने ज्ञान व कुशलता के माध्यम से समाधान कर आम जन का हित करें।

### योग से शरीर होता है निरोग

**पानीपत।** अंसल सुशांत सिटी के ब्लाक में पतंजलि योग पीठ के तत्वावधान से निःशुल्क चल रही योग क्लास में मुख्य योग शिक्षक सुभाष बजाज ने बताया की योग करने से शरीर निरोगा होता है। वहीं शुगर, थयराइड, फैटी लिवर, डिप्रेशन, माईग्रेन जैसे रोगों से मुक्ति के लिए योग करें। वहीं, सहायक योग शिक्षिका सुनीता, ललिता, प्रीती, कावेरी, सरोज, अर्पणा ने योग में हास्य प्राणायाम की महत्ता को बताया। इस अवसर पर तरुण गुगनानी, रमेश चुघ, सुधीर, राजीव मलिक, सुमन गुप्ता, नीलम, वैशाली व सोनिया आदि उपस्थित थे।

### सरकंडों में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई

**समालखा।** पानीपत के गांव आट्टा के बीच स्थित जोहड़ में खड़े सरकंडों में अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जोहड़ में आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची व कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वही सरपंच दिलबाग ने बताया कि गर्मी के मौसम के चलते सूखे सरकंडों में आग लग गई थी। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

### लोगो मेकिंग में हिमांशी प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लोगो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम स्थान, कनिष्का द्वितीय, यश ने तृतीय और स्नेहा को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

### सरसों की आवक में तेजी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने बताया कि जिले की मण्डियों में सरसों की आवक का कार्य तेजी से हो रहा है। किसान मण्डियों में अपनी सरसों की फसल को लेकर पहुंच रहे हैं। साथ ही साथ मण्डियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीददारी भी की जा रही है। जिले में हरियाणा स्टेट वेयर हाऊस व हैफेड द्वारा खरीददारी की जा रही है। अभी तक 20792.8 क्विंटल की आवक हुई, इसमें से 19786.1 क्विंटल की खरीद की गई।

### फायर कर्मचारी 12 घंटे ड्यूटी करेंगे

**पानीपत।** गेहूं की खरीद शुरू होने के बाद खेतों में खड़ी फसलों में आग लगने के मामलों में इजाफा होने के चलते यह समय अग्निशमन विभाग के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होता। ऊपमंडल समालखा फायर स्टेशन में तैनात फायर अधिकारी जितेंद्र बैनिवाल ने बताया कि हलके में आग की घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग के पास एक छोटी व दो बड़ी गाडियां हैं। वहीं 17 कर्मचारियों का स्टाफ मौजूद है। नियमानुसार एक गाड़ी पर छह कर्मियों की जरूरत एक शिफ्ट में होती है। उपमंडल फायर स्टेशन में अग्निशमन विभाग के पास तीन गाड़ियां व एक मोटरसाइकिल राइडर है। सामान्य तौर पर तीन शिफ्टों में ड्यूटी लगती है। अगर तीन शिफ्टों में काम करें तो हमारे पास जरूरत के हिसाब से 17 कर्मचारी काम संभाले हुए हैं। वहीं गेंहू के सीजन के चलते अब कर्मचारियों की ड्यूटी दो शिफ्ट में कर दी गई है। वहीं फायर कर्मियों की ड्यूटी का समय 8 के बजाय 12 घंटे किया गया है।

## शिक्षा विभाग ने अवैध स्कूलों के विस्तार पर रोक लगाई

# पानीपत में 183 अवैध स्कूलों पर सख्त हुआ शिक्षा विभाग

- अवैध स्कूलों पर नियमों के अनुसार कार्रवाई होगी : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा के पानीपत जिला में शिक्षा विभाग ने अवैध तरीके से चल रहे 183 स्कूलों की सूची जारी की है। इन स्कूलों के पास शिक्षा विभाग की मान्यता नहीं है। अवैध स्कूलों की सूची में प्लेवे से 5वीं तक के 54 प्राइमरी स्कूल और पांचवीं से लेकर आठवीं तक के 129 मिडिल स्कूल शामिल हैं। पानीपत शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों की सूची जारी करते हुए कहा कि ये स्कूल अवैध है और ये सरकार के नियमों को पूरा नहीं करत। इन अवैध स्कूलों में शिक्षित हो रहे बच्चों की पढ़ाई और उनके प्रमाण पत्र भी अवैध माने जाएंगे। हालांकि इन स्कूलों पर कार्रवाई के बजाय शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से ही अपील की है कि बच्चों का एडमिशन इन स्कूलों में न कराएं। अगर ये स्कूल विद्यार्थियों का दाखिला करते हैं तो इनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### जांच शुरू की

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में ऐसी भी स्कूल हैं जिनके पास पांचवीं कक्षा तक की मान्यता है, लेकिन वे आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के दाखिले कर रहे हैं। इसके अलावा कई स्कूलों को दसवीं तक मान्यता मिली हुई है, वहीं उनमें बाहरवीं तक के दाखिले कर रहे हैं। इन स्कूलों के खिलाफ भी विभाग कार्रवाई करेगा। इसे लेकर ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग ने टीमें गठित की हैं।

#### अवैध स्कूलों के विस्तार पर रोक

हरियाणा शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है राज्य में अवैध गैर-मान्यता प्राप्त/अनधिकृत स्कूलों को विस्तार देने पर रोक लगाई गई है। जिला पानीपत में प्राइवेट स्कूल काफी समय से बिना मान्यता या बिना अनुमति के चल रहे हैं। लिस्ट में शामिल स्कूलों ने विभाग से मान्यता नहीं ली है। इसके कारण हर वर्ष इन स्कूलों में दाखिल बच्चों के माता-पिता की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। आदेश में कहा गया है कि जिन स्कूलों के पास मान्यता है वे स्थायी मान्यता की कॉपी स्कूल के गेट के बाहर अनिवार्य रूप से लगाएं। बाकी स्कूलों में माता-पिता अपने बच्चों को दाखिला न दिलाएं। यदि वे करवाते हैं तो नुकसान के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### स्कॉलरशिप का झांसा दे रहे

पानीपत के कई सीबीएसई स्कूलों में दाखिले को लेकर कंपीटिशन चल रहा है। ये स्कूल विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए स्कॉलरशिप का झांसा दे रहे हैं। इसके लिए बाकायदा टेस्ट करवाए जा रहे हैं। इनसे झांसे में आकर माता-पिता अपने बच्चों का एडमिशन भी करवा रहे हैं।शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश में राजकीय स्कूलों में शिक्षा के स्तर में तेजी से सुधार हो रहा है। सच्चाई तो यह है कि शिक्षा की गुणवत्ता में राजकीय स्कूल, निजी विद्यालयों से आगे निकल चुके है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग जहां अवैध स्कूल के मामले में नियमों के अनुसार आगे की कार्यवाही करेगा, वहीं मंत्री ढांडा ने अभिभावकों से अपने बच्चों को राजकीय स्कूलों में शिक्षित करने की अपील की।


पानीपत। बुग्गी यात्रा लेकर समालखा पहुंचे पहलवान रविन्द्र तोमर। फोटो :हरिभूमि

# पहलवान रविंद्र की बुग्गी यात्रा समालखा पहुंची

- समालखा पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

जींद जिला के एक युवा पहलवान रविन्द्र तोमर के चचेरे भाई की नशे के कारण हुई मौत के बाद उन्होंने ठान लिया कि अब किसी और परिवार को इस दर्द से गुजरने नहीं देंगे। इसी कड़ी में युवाओं को नशे के खिलाफ प्रेरित करने के उद्देश्य से उन्होंने पूरे हरियाणा में नशा विरोधी पैदल बुग्गी यात्रा शुरू की। उनकी यह बुग्गी यात्रा पानीपत से नेशनल हाइवे के रास्ते समालखा पहुंची। समालखा पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने स्वागत किया और इस मुहिम के लिए पहलवान का हौसला बढ़ाया। वहीं पहलवान रविन्द्र तोमर ने बताया कि उसकी पैदल बुग्गी यात्रा जींद जिले में उसके पैतृक गांव ऐचरा कलां से शुरू हुई थी। यात्रा के दौरान रास्ते में लोग मिल रहे हैं। पहलवान रविन्द्र तोमर ने पूरे हरियाणा के युवाओं से आह्वान किया कि हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए अपना योगदान दें।

# बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। बिजली निगम के कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन सिटी यूनिट ने गोहाना रोड स्थित पावर हाउस में सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के सीसीएस पेंशन नियमों और सिद्धांतों का सत्यापन वित विधेयक 2025 के भाग के रूप में 25 मार्च को लोकसभा में पारित करने के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। संघ के प्रेस सचिव प्रमोद शर्मा ने कहा कि सरकार के पेंशन संबंधी विधेयक पारित कर सत्ता का चरित्र उजागर कर जनता के प्रति जवाबदेही को दर्शाता है। सर्व कर्मचारी संघ यूनिफाइड पेंशन योजना जो प्रथम अप्रैल को लागू करने जा रहा है को वापस लेकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करता है। संघ द्वारा 6 अप्रैल को राज्य कार्यकारिणी की बैठक कर आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा। प्रदर्शन की अध्यक्षता सिटी यूनिट प्रधान दलेल शर्मा ने की व संचालन सचिव विनोद कुमार ने किया। इस प्रदर्शन में मुख्य तौर पर राज्य उप प्रधान जितेंद्र सैनी, मेहर सिंह, मुकेश कौशिक, कटार सिंह, नवीन कुमार, दलबीर व जितेंद्र वर्मा आदि नेताओं ने संबोधित किया।

# शिक्षाविद् व साहित्यकार सोनिया को विदाई दी

- सोनिया जहां उत्कृष्ट शायरा बनी वहीं उन्होंने चार पुस्तकें लिख कर अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। क्षिविद् व साहित्यकार सोनिया सोनम अक्स को विदाई देते हुए साथी टीचर्स आदि। फोटो :हरिभूमि

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव खंडरा में सोनिया सोनम अक्स की अंग्रेजी प्रवक्ता के रूप में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर समारोह हुआ। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, मनीष गुप्ता, एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, आर्य कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एपी जैन समेत बड़ी संख्या में शिक्षाविदों ने भाग लिया। शिक्षाविद् व साहित्यकार डॉ. एपी जैन ने सोनिया की जमकर सरहाना करते हुए कहा कि सोनिया ने राष्ट्रपति अवार्ड तथा हरियाणा साहित्य अकादमी सहित देश भर से बहुत सारी अन्य संस्थाओं से सम्मान प्राप्त किए। सोनिया जहां उत्कृष्ट शायरा बनी वहीं उन्होंने चार पुस्तकें लिख कर अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। इसकी 35 ग़ज़लें/भजन पद्मश्री अनूप जलोटा जैसे दर्जनों दिग्गजों ने गाया। फिल्मों में धारावाहिकों के लिए गीत/भजन लिखने वाली मुंबई की सम्मानित संस्था आईपीआरएस ने इनको सम्मान पूर्वक अपना सदस्य बनाया है। अब इन्होने किन्हीं बड़े सपनों को पूरा करने के लिए, समय से पूर्व सेवानिवृत्ति ले ली है। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, खंड शिक्षा अधिकारी मनीष गुप्ता, बीके मिगलानी, प्रिंसिपल सुरेश देशवाल, पंजाब यूनिवर्सिटी के डीन विकास चावला, डॉ. अनमोल रतन, प्रो सुनीता गुलाटी, डॉ. आरसी गुलाटी, बैंक मैनेजर सूरजन कुमार, अनिरुद्ध कुमार, सृष्टि, सृजन, नीतू, तम्स, सौरव, समीर, निशांत, रोहित, नीरज, गौरव, आरती, अन्नु ,साक्षी, कृष्णा कुमारी आदि ने सोनिया अक्स की शैक्षणिक व साहित्यक योग्यता की जमकर सरहाना की।

# क्लब में हवन का आयोजन किया गया

- ठकराल ने ग्रहण किया न्यू टाउनशिप क्लब का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। न्यू टाउनशिप क्लब के सचिव पवन को पदभार ग्रहण करवाते हुए विधायक प्रमोद विज व नवीन भाटिया।

पानीपत के मॉडल टाउन स्थित न्यू टाउनशिप क्लब वेलफेयर सोसाइटी की नई टीम ने बुधवार को को अपना कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने से पहले क्लब में हवन का आयोजन किया गया। बता दें कि क्लब में सभी कार्य करने के लिए मुख्य रूप से सचिव पद की ही जिम्मेदारी होती है। पवन ठकराल ने सचिव पद का कार्यभार क्लब के सदस्यों व पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज की उपस्थिति में ग्रहण किया। क्लब के पूर्व सचिव नवीन भाटिया ने पवन ठकराल को कार्यभार सौंपा। पवन ठकराल की टीम में सहसचिव की जिम्मेदारी विनोद मनुजा बिंदु, उप प्रधान की जिम्मेदारी अजय मलिक, फाइनेंस सचिव की जिम्मेदारी धीरज मिगलानी को मिली है। वहीं, क्लब के सदस्यों ने नई टीम को शुभकामनाएं दी व फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोल्डी मलिक, ओम लखीना, रमन मलिक, रमेश पपड़ेजा, सुधीर छाबड़ा, विनोद बंसल, संजीव गुलाटी, बिंदी मलिक, मदन अनेजा, सुरेंद्र अनेजा, संजय बत्रा, सुरेश छाबड़ा, राजेश रेलन, अंकित अनेजा, अंकित ठकराल, दिनेश मलिक, मुकेश मदान, बंटी ठकराल व राकेश मदान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# गाय का दूध पीकर बेसहारा ना छोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार, साथ हैं डा.जगपाल तोमर।

गाय का दूध पौष्टिकता से भरपूर होता है। शास्त्रों के अनुसार गाय में सभी देवी-देवता वास करते हैं। गाय का दूध पी कर उसे बेसहारा ना छोड़े। हरियाणा सरकार गोशालाओं को उनके रख रखाव के लिए समय-समय पर अनुदान दे रही है। यह बात हलका इसराना के गांव नैन में गोशाला के स्थापना दिवस पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं भूविज्ञान खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौत मुख्य अतिथि कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर गोशाला प्रधान राजरूप पानू, डा. जगपाल सिंह तोमर, जगदीश, राजपाल सिंह, दिलावर, देवी सिंह, चांद सिंह देशवाल समेत बडी संख्या में गाय भक्त आदि उपस्थित रहे।

# आर्य कालेज ने पेचक सिलाट में ओवर ऑल ट्रॉफी जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता व कॉलेज के प्राध्यापकों ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज पहुंचने पर मिठाई खिलाकर स्वागत कर खिलाड़ियों

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने ओवर ऑल ट्रॉफी जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। वहीं, कॉलेज के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। वहीं, प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में पेचक सिलाट इंटर कॉलेज प्रतियोगिता हुई। पांच गोल्ड

# अनुशासित मेहनत बनाती है सफलता की राह

- नये शिक्षा सत्र के शुरू होने पर प्रवेश उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। राजकीय स्कूल गांव दीवाना में यज्ञ करते हुए अध्यापकगण व विद्यार्थी।

पानीपत के गांव दीवाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को नये शिक्षा सत्र के शुरू होने पर प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय से आए पचपन विद्यार्थियों का प्राचार्य राजबीर और समस्त स्टाफ सदस्यों ने फूल मालाओं और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। इस अवसर पर इसके साथ ही वैदिक रीति से यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा कपिल देव रहे। वहीं, प्राचार्य राजबीर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन एक अनूठा दौर है जो सीखने, अनुशासन और सामाजिक कौशल के विकास को बढ़ावा देता है। इसके मद्देनजर विद्यार्थी अनुशासित मेहनत कर जीवन में तरक्की करें।

**सेमिनार** सीए प्रसन्न कुमार डी ने कहा कि हमें अपने पेशेवर भाई-बहनों की मदद करनी चाहिए

स्पीकर सीए कार्तिक जिंदल ने भी मार्ग दर्शन किया

# मेहनत और समर्पण से उच्च मानक स्थापित होते हैं : नंदा

- धन्यवाद प्रस्ताव शाखा उपाध्यक्ष सीए भूपिंदर दीक्षित ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। आईसीएआई के कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा लेखांकन मानक बोर्ड (एएसबी) (आईसीएआई) के तत्वावधान में शाखा के प्रधान सीए सोनू गोयल की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन किया। वहीं सेमिनार में मुख्य अतिथि सीए चरणजोत सिंह नंदा अध्यक्ष आईसीएआई, सीए प्रसन्न कुमार डी उपाध्यक्ष आईसीएआई, सेंटर कौंसिल के सदस्य सीए राजेश शर्मा, सीए हंसराज चुघ, सीए प्रमोद जैन का स्वागत किया गया। इधर, अध्यक्ष नंदा ने कहा कि हमारे संस्थान ने पिछले कुछ वर्षों में अत्यधिक प्रगति की है और हमारे छात्रों और सदस्यों ने पेशेवर दुनिया में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से उच्च मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने पानीपत शाखा के सभी छात्रों और सदस्यों से विभिन्न शैक्षिक और व्यावसायिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। मेहनत और समर्पण से उच्च मानक स्थापित होते है। सीए प्रसन्न कुमार डी ने कहा कि हमें अपने पेशेवर भाई-बहनों की मदद करनी चाहिए, विशेषकर उन व्यक्तियों की जो वास्तव में जरूरतमंद हैं। एक हाथ देने वाला और एक हाथ मदद लेने वाला चाहिए। स्पीकर सीए कार्तिक जिंदल ने भी मार्ग दर्शन किया। वहीं, धन्यवाद प्रस्ताव शाखा उपाध्यक्ष सीए भूपिंदर दीक्षित ने किया।

# होटल प्रबंधन संस्थान में मनाया वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

होटल प्रबंधन संस्थान, पानीपत में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का विषय 'परंपरा' है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान सचिव विरासत एवं पर्यटन हरियाणा कला रामचंद्रन, आईपीएस का कार्यकारी प्राचार्य चन्दन वशिष्ठ ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ हुआ। वहीं, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांध दिया। जबकि मुख्यातिथि कला रामचंद्रन ने अपने संबोधन में कहा कि अनुशासित मेहनत के बल पर ही इंसान को सफलता मिलती है। इसके मद्देनजर हर विद्यार्थी मेहनत कर जीवन में तरक्की करें। वहीं, कार्यक्रम में बीएससी तृतीय वर्ष से मिस्टर फेरवेल सौरब कुमार और मिस फेरवेल चाहत चोपड़ा, फूड प्रॉडक्शन में से मिस्टर फेरवेल गौरव लाकड़ा और मिस फेरवेल चांदनी और फूड एंड बेवरेज़ सर्विस में से मिस्टर फेरवेल राज कुमार और मिस फेरवेल निशु को चुना गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मैस्पर कंपनी की ओर से प्रणव महाजन, आशीष, नौबल, नीलम रानी, सुदेश कुमारी आदि ने शिरकत की।

**न्यायालय संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

**अनुज सुपुत्र श्री सतनारायण निवासी 16/3 अग्रसेन कालोनी पानीपत।**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अनुज सुपुत्र श्री सतनारायण निवासी 16/3 अग्रसैन कालोनी पानीपत ने एक डीड/वसीका पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि बी सतनारायण सुपुत्र श्री तेलूराम का दिनांक 30.01.2025 को स्वर्गवास हो चुका है। मृतक के वारिस हलका पटवारी की तसदीक के अनुसार निम्न वारिस/उत्तराधिकारी है:-

1 अनुज सुपुत्र व 2 कोमल सुपुत्री श्री सतनारायण हर दो समभाग हैं। इनके अलावा अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबध से प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नाहिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक श्री सतनारायण सुपुत्र श्री तेलूराम के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत किसी व्यक्ति को काई शक एव एतराज हो तो यह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर डीड/वसीका का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-**
**संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### प्राचार्या डॉ. भारती ने किया पदभार ग्रहण

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में नवनियुक्त प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने अपने पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने उनकी अगवानी की।भारती ने संबोधन में छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर बल देते कहा कि वे अपनी पढ़ाई के प्रति समर्पित रहें और लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें।

### भर्ती के लिए 10 तक ऑनलाइन आवेदन

**अंबाला।** सेना भर्ती कार्यालय ने वर्ष 2025-26 के लिए भारतीय सेना अग्निवीर योजना के लिए भर्ती प्रक्रिया के लिए जो ऑनलाइन पंजीकरण 12 मार्च को शुरू किया था। 10 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया जारी रहेगी। इस भर्ती के लिए अंबाला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला, साथ ही केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के पुरुष उम्मीदवारों और दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### नैंसी ने जीती पीपीटी निर्माण प्रतियोगिता

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज की बीए मनोविज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा नैंसी ने डीएवी कॉलेज, अंबाला सिटी द्वारा आयोजित एक अंतर-कॉलेज राज्य स्तरीय ऑनलाइन पीपीटी निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीतकर अपने संस्थान को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के विभिन्न कॉलेजों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. अनुपमा ने नैंसी की उपलब्धि की सराहना की।

### शराब तस्करी मामले में दो अन्य आरोपित दबोचे

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी आशीष को कुल 5400 बोतल के साथ काबू किया था। आरोपी ट्रक में चोरीछुपे शराब तस्करी कर ले जा रहा था। इस मामले में अब पुलिस ने जींद के कलौंदा गांव के अजय कुमार व हिसार के गांव पनियारी के संजय कुमार को भी काबू किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर लिया है।

### मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरमीत सिंह, सुशील व पिंकी कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 मार्च को आरोपी गुरमीत सिंह, पिंकी कुमार व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए चोट पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हत्या के मामले में मुख्य आरोपित समेत दो दबोचे

**अंबाला।** लालपुर गांव में हुई दुकानदार की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। सीआईए-शहजादपुर ने गांव लालपुर के ही मुख्य आरोपी प्रतीक उर्फ आर्यन को पहले इस मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसे छह दिन के रिमांड पर लिया था।

---

लंबित योजनाओं को पूरा करवाने के लिए हरकत में आए विधायक, कमिश्नर से मुलाकात

# विधायक ने कमिश्नर को बिना भेदभाव के योजनाओं को पूरा करवाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की लंबित योजनाओं को पूरा करवाने के लिए विधायक निर्मल सिंह पूरी हरकत में दिख रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने निगम अधिकारियों पर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है। इन योजनाओं को लेकर मंगलवार को पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने नगर निगम कमिश्नर सचिन गुप्ता से मुलाकात की। विधायक ने कमिश्नर को बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं को पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने विधायक निर्मल सिंह को जल्द सभी योजनाएं पूरा करवाने का ठोस आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने कमिश्नर को अंबाला शहर में लंबे समय से लंबित योजनाओं पर तुरंत काम शुरू करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से अंबाला शहर की जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी ये योजनाएं किसी न किसी वजह से रुी पड़ी है। इसकी वजह से अंबाला शहर की जनता को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें राजनीति से उपर उठकर इन योजनाओं का पूरा करवाना है ताकि जनता के लिए बनी ये योजनाएं जनता को ही समर्पित की जा सके।



अंबाला। निगम कमिश्नर से मुलाकात करते विधायक निर्मल सिंह। फोटो :हरिभूमि

विधायक ने कमिश्नर ने कई रिहायशी कॉलोनियों में ठप पड़ी ड्रेनेज व्यवस्था को चालू करने, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को चालू करवाने के साथ ही पूरे शहर की सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनता की ये बुनियादी समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर दूर होनी चाहिए। खासतौर पर विधायक ने बरसाती सीजन से पहले ही नालों की सफाई के आदेश भी दिए। उन्होंने कहा कि अगर निगम की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरा कर नालों की सफाई का काम शुरू किया गया तो उम्मीद है कि इस बार रिहायशी कॉलोनियों में बाढ़ की स्थिति पैदा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिन रिहायशी कॉलोनियों में बाढ़ की स्थिति पैदा होती है उन कॉलोनियों में पानी निकासी के पुख्ता बंदोबस्त भी भी किए जाएं। निगम सदस्य मिथुन वर्मा, ईशु गोयल, हरजीत सिंह बब्बल, बलजिंद्र कांबोज, अशोक सोनी, देवेंद्र वर्मा,कुलदीप सिंह गुल्लू,विनोद धीमान,नैब सैनी, रोबिन खोड़ा,धर्मपाल चड्ढा,नरेंद्र पाली, टहल राम, देवेंद्र गुप्ता हैप्पी, सरदार महिंद्र सिंह,सोनू आनंद,देवेंद्र बजाज, नवीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

#### 24 हजार स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएं

विधायक निर्मल सिंह ने निगम कमिश्नर से तुरंत सभी रिहायशी कॉलोनियों में 24 हजार स्ट्रीट लगवाने की भी बात भी कही। उन्होंने कहा कि खरीद के बावजूद निगम की ओर से इन लाइटों को लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए क्योंकि इसकी वजह से ज्यादातर कॉलोनियों में अंधेरे की स्थिति है। उन्होंने कहा कि हर कॉलोनी में ये लाइटें लग जाने से बरसाती सीजन में लोगों को किसी तरह की समस्या का सामना नही करना पड़ेगा।

---

### बैंड बजाकर नए छात्रों का किया भव्य स्वागत

**शहजादपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खानपुर ब्राह्मण में मंगलवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल में प्रवेश लेने वाले सभी बच्चों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी गतिविधियों में भाग लेने तथा लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इस अवसर पर पीटीआई राजकुमार के मार्गदर्शन में स्कूल के बच्चों ने स्कूल बैंड पर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। पीटीआई राजकुमार ने प्रवेश उत्सव में बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि वे पढाई के अलावा, शारीरिक गतिविधियों जैसे खेल एवं योगा में अवश्य भाग ले जिससे कि वे स्वस्थ रहे और उनमें आगे बढने की भावना जागृत हो।

---

रेलवे लाइन बिछाने का काम प्रारंभ, ट्रेनों की आवाजाही होगी बेहतर

# अंबाला से लुधियाना-जालंधर तक 153 किमी लंबी बिछाई जाएगी रेलवे लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**डीसी ने रेलवे अधिकारियों से कार्य योजना की विस्तार से ली जानकारी, दिल्ली से अंबाला तक भी बिछाए जाएंगे दो नए ट्रैक**

अंबाला से लुधियाना-जालंधर तक लगभग 153 किलोमीटर लंबी तीसरी रेलवे लाइन बिछाने को लेकर कार्रवाई शुरू हो गई। मंगलवार को इस सिलसिले में डीसी अजय सिंह तोमर ने रेलवे अधिकारियों के साथ मीटिंग की। उपायुक्त ने अंबाला से लुधियाना-जालंधर तक प्रस्तावित रेलवे लाईन (ट्रैक) को लेकर होने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। रेलवे की कंस्ट्रक्शन विंग के एक्सईएन निर्मल सिंह ने बताया कि दिल्ली से अंबाला तक दो नए ट्रैक बनाए जाने प्रस्तावित हैं। अंबाला से लुधियाना-जालंधर तक भी तीसरी अतिरिक्त रेलवे लाईन (ट्रैक) बनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन ट्रैकों के बनने से रेलवे से ट्रेनों के आवागमन में आसानी होगी। समयबद्ध तरीके से ट्रेनें अपने स्थानों तक पहुंच पाएंगी। इसके साथ-साथ नई ट्रेनों का आवागमन भी इस ट्रैक के माध्यम से होगा। उन्होंने यह भी बताया कि अंबाला-दिल्ली रेलवे लाईन पर दो ट्रैक बने हुए हैं लेकिन समय अनुसार अब इनका विस्तार किया जा रहा है। दिल्ली से अंबाला तक दो नए ट्रैक बनाए जाने प्रस्तावित हैं।




अंबाला। प्रस्तावित रेलवे ट्रैक को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते डीसी अजय सिंह।

उन्होंने यह भी बताया कि पहले वाले ट्रैकों पर मालगाड़ी, पैसेंजर व अन्य ट्रेनों का आवागमन रहता था जिसके कारण ट्रैक बिजी रहते थे। ट्रेनें भी कई बार समयबद्ध तरीके से नहीं पहुंच पाती थी। निसंदेह इन नए ट्रैक के बनने से ट्रेनों के आवागमन में आसानी होगी। नई ट्रेनों को भी इन ट्रैकों के माध्यम से आवागमन होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो एक्सप्रेस गाडियां है वह भी समय अनुसार पहुंच सकेंगी। इससे यात्रियों को भारी राहत मिलेगी। अंबाला-लुधियाना-जालंधर ट्रैक के बनने से अंबाला, पटियाला, फतेहगढ़, लुधियाना, कपूरथला व जालंधर तक के एरिया को कवर किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से समन्वय के साथ इस कार्ययोजना को सिरे चढ़ाने के निर्देशदिए। उन्होंने यह भी कहा कि इन नए ट्रैकों के बनने के दृष्टिगत जन स्वास्थ्य विभाग, पब्लिक हेल्थ, बिजली विभाग भी यह ध्यान रखे कि ट्रैक के बनने के तहत उनकी कोई पाईप लाइन या अन्य कार्य प्रस्तावित न हो। इस बारे में रेलवे विभाग को अवगत करवाएं ताकि बेहतर समन्वय से सभी कार्यों को किया जाए। उन्होंने कहा कि निसंदेह इस ट्रैक के बनने से रेलवे के कार्यों में विस्तार होगा और आमजन को इसका लाभ मिलेगा।

#### मीटिंग में ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त , एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआरओ विकास कुमार, डीएसपी विजय कुमार, रेलवे से संजीव अरोड़ा एडब्लयूई, सुरेश कुमार, एनएचएआई से पुलकित कटारिया, रेलवे से आयाज महमूद, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, कार्यकारी अभियंता हरबंस सिंह, डीटीपी रोहित चौहान, एसडीओ पब्लिक हैल्थ हरमिलाप, जितेंद्र कुमार व तहसीलदार आदित्य भी मौजूद रहे।

---



बराडा। बैठक में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

# दुकानदारों के बाहर अतिक्रमण किया तो होगी सख्त कार्रवाई

■ सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराडा

एसडीएम अमित भारद्वाज ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां दुर्घटनाओं की संभावनाओं वाले स्थानों पर चेतावनी साइन और सुरक्षा बोर्ड लगाए जाने चाहिए ताकि सड़क हादसों से बचा जा सके। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि शहर में भारी वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा और हल्के वाहनों के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। यदि कोई वाहन चालक इस गति सीमा से अधिक गति से गाड़ी चलाता है, तो उसका चालान किया जाएगा और प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त एसडीएम ने सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका और पुलिस विभाग को अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों से अपील की कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें। इसके लिए तीन दिन का समय दिया गया और रविवार के बाद किसी भी दुकान के सामने अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। इस दौरान कहा कि सड़क पर सामान रखना आमजन की आवाजाही में रुकावट डालता है और जाम की स्थिति पैदा करता है। उन्होंने दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों से अपील की कि वे अपने सामान को दुकान के भीतर रखें।

---

सरकार के खिलाफ कर रहे प्रदर्शन

# सड़कों पर उतरे 1200 परिवार, मकानों के मालिकाना हक के लिए पंचकूला में प्रदर्शन

तोपखाना परेड ग्राउंड से चंडीगढ़ के लिए निकले थे पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कैंट से घर के मालिकाना हक की मांग को निकले प्रदर्शनकारियों ने पंचकूला में डेरा जमा दिया। पुलिस ने इन प्रदर्शनकारियों को आगे जाने से रोक दिया है। अब प्रदर्शनकारी सेक्टर 5 में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ये प्रदर्शन जागृति मंच के लोगों ने मंगलवार को अंबाला कैंट के तोपखाना परेड ग्राउंड से शुरू किया था। ये लोग सीएम से मिलने जा रहे थे। इन लोगों का कहना है कि है कि अंबाला कैंट में 182 सालों से 1200 परिवार रह रहे हैं। जब भी वे अपने परिवारों के लिए मकान या दुकान बनाने का प्रयास करते हैं, तो रक्षा संपदा अधिकारी द्वारा उन्हें तोड़ दिया जाता है। हाल ही में, 30-35 दुकानों को भी सील कर दिया गया।




अंबाला। पैदल मार्च करते पीड़ित परिवार। फोटो :हरिभूमि

इस कार्रवाई की वजह से लोगों में गहरा रोष है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 1843 में तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने लोगों को जमीन लीज पर दी थी। 1975 में कैंटोनमेंट बोर्ड ने जमीन की लीज खत्म कर दी। कई बार इन जगहों पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई।इन्होंने कहा कि मंत्री अनिल विज ने इन लोगों की मांग को समझा और रक्षा मंत्रालय को अवगत करवाया था। उन्होंने बताया कि 86 करोड़ रुपए के बदले मालिकाना हक मिलने की बात सामने आई जिस पर तोपखाना रोड, दूधला मंडी और हिम्मतपुर के लोगों को फौरी राहत मिली लेकिन पूर्व सरकार 86 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं कर पाई।फिलहाल यह लोग सरकार से मालिकाना हक दिए जाने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले इन्होंने मंत्री अनिल विज से भी मुलाकात की थी लेकिन उन्होंने इस मामले में कोई मदद करने में असमर्थता जता दी। इसलिए अब वो अंतिम उम्मीद लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक राज्य सरकार उनकी मांग पर विचार नहीं करती तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

---

छात्रों को डॉ. बाजवा के लंबे अनुभव का मिलेगा होगा

# गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल बने डॉ. बाजवा, स्टाफ ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मंगलवार को डॉ. देशराज बाजवा ने बतौर प्रिंसिपल ज्वाइन किया । उनकी ज्वाइनिंग पर कॉलेज स्टाफ की मीटिंग हुई। उनका विधिवत स्वागत किया गया। स्टाफ सेक्रेटरी डॉ. विनोद ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज के स्टाफ व छात्रों को डॉ. बाजवा के लंबे अनुभव का फायदा होगा। स्टाफ को संबोधित करते हुए डॉ. बाजवा ने कहा कि वे कॉलेज के वातावरण को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने स्टाफ का सहयोग मांगते हुए कहा कि हम सबकी जिम्मेवारी बनती है कि कॉलेज में कक्षाएं सुचारू रूप से लगें व अनुशासन बना रहे। पूरे स्टाफ ने उन्हें हर सहयोग के लिए आश्वस्त किया। डॉ. अजय चौहान ने सभी का धन्यवाद किया। प्रिंसिपल डॉ. बाजवा हरियाणा एजुकेशन सर्विस के 1997 बैच के अधिकारी हैं।उन्होंने अपने शैक्षणिक करियर में अमरीका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए हैं। वे करीब तीन महीने पहले प्रिंसिपल प्रमोट हुए थे लेकिन उन्हें अब ज्वाइनिंग मिली है



बुके देकर प्रिंसिपल का अभिनंदन करते स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

---

### नए शिक्षा सत्र में चॉकलेट देकर छात्रों का किया अभिनंदन




**शहजादपुर।** रावमावि जटवाड़ में प्रवेश उत्सव का शुभारंभ विद्यालय में किया। प्रधानाचार्या के साथ स्टाफ सदस्यों एवं एसएमसी सदस्यों ने नए विद्यार्थियों का तिलक करके, फूलमाला पहनाकर व चॉकलेट के साथ स्वागत किया। सांस्कृतिक परंपरा में हवन करवाकर सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया गया। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हवन में भाग लिया। हवन के बाद सभी उपस्थित विद्यार्थियों को हलवा वितरित किया गया। सभी विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों के लिए गीत गाए जिसका सभी ने आनंद लिया। प्रधानाचार्या ने सभी छात्रों व अभिभावकों को सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों को दी जाने वाली सरकारी सुविधाओं जैसे शिक्षा, वर्दी, भोजन, पुस्तकें, बैग, स्टेशनरी व छात्रवृत्ति आदि के बारे में विस्तार से बताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट प्रतियोगिता हुई

# साड़ी राउंड में तानिया ने मारी बाजी, तरणजोत कौर सूट राउंड में रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराडा

*डॉ इंदु ने बताया कि कॉलेज में सात एड-ऑन कोर्स में कॉस्मेटोलॉजी कोर्स भी शामिल है, जिसके बाद छात्र इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सुषमा रानी ने प्रतियोगिता के महत्व को बताते कहा कि यह कला, कौशल, और रचनात्मकता को निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान करती है।*

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में /"बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट/" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कॉस्मेटोलॉजी विभाग की कोऑर्डिनेटर डॉ. सुषमा रानी और इंचार्ज मिस महक की देखरेख में संपन्न हुई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को प्रेरित करते कहा कि इस समय में कॉस्मेटोलॉजी कला का महत्व बहुत बढ़ गया है। यह एक अच्छे कमाई के साधन के रूप में उभर कर आई है। उन्होंने कहा कि मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए छात्रों को मेकअप कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक है। डॉ इंदु ने यह भी बताया कि कॉलेज में सात एड-ऑन कोर्स में कॉस्मेटोलॉजी कोर्स भी शामिल है, जिसके बाद छात्र इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सुषमा रानी ने प्रतियोगिता के महत्व को बताते हुए कहा कि यह कला, कौशल, और रचनात्मकता को निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान करती है। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी मेकअप कला का प्रदर्शन किया, जिसमें फेशियल, ब्लीच, पार्टी वियर मेकअप, ब्राइडल मेकअप, हेयर स्टाइल और नेल आर्ट जैसी तकनीकों का समावेश था। निर्णायक मंडल में डॉ. दलजीत कौर, डॉ. सुषमा रानी और हेड क्लर्क करजीत कौर शामिल थे। प्रतियोगिता में तानिया ने साड़ी राउंड, तरणजोत कौर ने सूट राउंड और अनमोल प्रीत कौर ने लहंगा राउंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, ललिता को कंसोलेशन पुरस्कार से नवाजा गया।



बराड़ा। विजेताओं को सम्मानित करते हुए कॉलेज स्टाफ।

#### विजेता को किया सम्मानित

*कार्यक्रम के समापन पर, डॉ. इंदु विज ने विजयी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ भी मौजूद था। कॉलेज में आयोजित इस प्रतियोगिता ने छात्राओं को अपनी कला प्रदर्शित करने और भविष्य में कॉस्मेटोलॉजी क्षेत्र में करियर बनाने के लिए एक प्रेरणा दी।*